जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-15 | जयपुर, सोमवार, 11 अप्रैल, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोर्टल पर पात्र होने पर ही करें आवेदन

**जयपुर (हमारा वतन)** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जोड़ने के लिए लगभग 2 साल बाद शुरू हुए पोर्टल पर पहले ही दिन से भारी संख्या में रजिस्ट्रेशन होने प्रारम्भ हो गए है। पहले ही दिन लगभग 4 हजार आवेदन आए वहीं अब यह आंकड़ा 80 हजार के पार जा चुका है। अब तक कुल 81 हजार 252 आवेदन प्राप्त हो गए हैं। सर्वाधिक 8 हजार 158 आवेदन नागौर जिले से, 6 हजार 18 जयपुर जिले से, 5 हजार 226 बूंदी जिले से, 4 हजार 367 जोधपुर जिले से प्राप्त हुए हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की वर्ष 2022-23 की बजट घोषणा की अनुपालना में पोर्टल को पुनः शुरू किया गया है।



**एनएफएसए में लाभ लेने की निर्धारित प्रक्रिया**

जैन ने बताया कि 2 अक्टूबर, 2013 को प्रदेश में लागू खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्य सुरक्षा की प्राथमिकता सूची में शामिल होने के लिए निर्धारित प्रारूप पर संबंधित श्रेणी में ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक का राशन कार्ड, जनाधार कार्ड, आधार कार्ड, जिस शहरी या ग्रामीण समावेशन श्रेणी में पात्रता रखते हैं, उसका दस्तावेज आवश्यक है। आवेदक को खाद्य सुरक्षा में निष्कासन सूची में नहीं आने का शपथ पत्र भी देना होगा। आवेदन पत्रों की जांच संबंधित अपीलीय उपखण्ड अधिकारी व जिला रसद अधिकारी द्वारा की जाएगी। आवेदन के पूर्ण व सही पाए जाने पर अपीलीय अधिकारी के अपील आदेश पर डिजिटाईज्ड हस्ताक्षर से आवेदक का नाम खाद्य सूची में स्वतः ही ऑनलाइन अपडेट हो जाएगा।

**आवेदक पात्रता समावेशन श्रेणी का रखें ध्यान**

शासन सचिव ने बताया कि एनएफएसए सूची में नाम जोड़ने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में 32 समावेशन श्रेणियां निर्धारित की गई है। इन श्रेणियों का प्राथमिकता क्रम भी निर्धारित है। कुछ प्रमुख पात्रता श्रेणियों में अन्त्योदय परिवार, बीपीएल व स्टेट बीपीएल परिवार, सामाजिक पेंशन योजनाओं के लाभार्थी, एकल महिलाएं, श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिक, कचरा बीनने वाले परिवार, शहरी घरेलू कामकाजी महिलाएं, स्ट्रीट वेण्डर्स, साइकिल रिक्शा चालक, कुली, एड्स व सिलिकोसिस रोग से ग्रस्त, ट्रांसजेण्डर सहित 32 श्रेणियां हैं।

**निष्कासन श्रेणियां भी निर्धारित**

जैन ने बताया कि सितंबर 2018 को जारी विभागीय आदेश के अनुसार शहरी क्षेत्र में 7 और ग्रामीण क्षेत्र में 6 श्रेणियों को निष्कासन की श्रेणी में रखा गया है। इन श्रेणियों के परिवार एनएफएसए के तहत खाद्य सुरक्षा का लाभ लेने के लिए पात्र नहीं है। शहरी क्षेत्र में परिवार का एक सदस्य आयकरदाता, एक लाख रूपए वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्तकर्ता परिवार, चार पहिया वाहन (जीविकोपार्जन के लिए 1 वाणिज्यिक वाहन को छोड़कर), 1 हजार वर्ग फीट से अधिक का निर्मित पक्का मकान, 1 लाख रूपए वार्षिक से अधिक आय सीमा वाले परिवार पात्र नहीं है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में इन श्रेणियों के अतिरिक्त परिवार की कुल कृषि भूमि लघु कृषक की निर्धारित सीमा से अधिक, 2 हजार वर्ग फीट से अधिक का निर्मित पक्का मकान वाले परिवारों को निष्कासन श्रेणी में रखा गया है।

शासन सचिव ने कहा कि यदि आवेदक समावेशन श्रेणी की पात्रता रखता है तो ही पोर्टल पर आवेदन करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की सस्ते गेहूं की योजना हर जरूरतमंद के लिए है।

## खत्म होगा एटीएम कार्ड का दौर! हर जगह मिलेगी कार्डलेस नकद निकासी की सुविधा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आने वाले दिनों में सभी बैंकों और एटीएम नेटवर्क पर कार्डलेस नकद निकासी की सुविधा मिल सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास के मुताबिक यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग करके सभी बैंकों और एटीएम नेटवर्क पर कार्डलेस नकद निकासी की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया है। आरबीआई गवर्नर के मुताबिक कार्डलेस नकद निकासी सुविधा से कार्ड क्लोनिंग आदि धोखाधड़ी को रोकने में मदद मिलेगी। वर्तमान में, कार्डलेस नकद निकासी की सुविधा देश भर के चुनिंदा बैंकों में ही उपलब्ध है। शक्तिकांत दास ने यह भी कहा कि आरबीआई विनियमित संस्थाओं में ग्राहक सेवा मानकों की समीक्षा करेगा। ग्राहक सेवा की वर्तमान स्थिति की जांच और समीक्षा करने के लिए एक समिति गठित करने का प्रस्ताव है।

## हरसोलिया राष्ट्रीय एससी एसटी विकास परिषद के जिला महासचिव नियुक्त

**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं तहसील के ग्राम टांकरड़ा निवासी सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया पुत्र भंवरलाल हरसोलिया को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद्, राजस्थान के जयपुर जिला महासचिव पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद्, नई दिल्ली के राष्ट्रीय संयोजक व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग नई दिल्ली के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पी.एल. पुनिया एवं संगठन के संरक्षक व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के



केन्द्रीय मंत्री डॉ. थावरचंद गहलोत तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद्, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया के आदेशानुसार राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद्, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश मीणा ने दी है। सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद्, राजस्थान के जयपुर जिला महासचिव पद पर नियुक्त होने पर संगठन के कार्यकर्त्ताओं ने हर्ष जताया।

## पंच दिवसीय विशाल योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का हुआ शुभारम्भ

**जयपुर (हमारा वतन)** आर एन नोवाल फाउंडेशन जयपुर द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में पंच दिवसीय विशाल योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन आरोग्य योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय ,आरोग्य भवन, ओम विहार, जयपुर रोड चौमूं में हुआ । शिविर का उद्घाटन सागर पुरी जी महाराज ने धन्वंतरी भगवान के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर सागर पुरी जी महाराज ने कहा कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर व्यक्ति आजीवन स्वस्थ रह सकता है। शिविर के चिकित्सा प्रभारी डॉ




राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि आहार ही औषधि है। शुद्ध, सात्विक व प्रकृति के अनुरूप आहार करने से निरोगी रहा जा सकता है। फाउंडेशन के अध्यक्ष रामनिवास नोवाल ने बताया कि शिविर 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक रहेगा। इसका समय प्रातः 7:00 से 12:00 बजे तक रहेगा ।

इस अवसर पर भारतीय योग ,आयुर्वेद प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की अध्यक्षा डॉ अल्पना शर्मा, चैतन्य जीवन सेवा संस्थान के सचिव चैतन्य शर्मा ,आर्यावर्त योगपीठ के अध्यक्ष श्रवण कुमार सेन, नगर पालिका चौमूं के पूर्व चेयरमैन गोविंद नारायण सैनी, रमेश शर्मा, डॉक्टर रोहित शेरावत,श्याम शर्मा, कमल कांत शर्मा, राजेश चौधरी, सुमन योगी, मोहन जांगिड़ सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

## सटीक भविष्यवाणी होने पर पंडित रविंद्र आचार्य का हुआ सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की एक बार फिर भविष्यवाणी सटीक होने पर भव्य सम्मान किया गया ।



जानकारी के अनुसार चौमूं विद्युत विभाग में कार्यरत सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि पंडित रविंद्र आचार्य ने मुझे बताया था कि 20 दिसंबर 2021 से पहले - पहले आपका प्रमोशन हो जाएगा तो 20 दिसंबर से पहले 17 दिसंबर 2021 को ही मेरा एसएसए फर्स्ट से ईएस में प्रमोशन हो गया है । भविष्यवाणी सिद्ध होने पर पंडित रविंद्र आचार्य का माला और साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया और आशीर्वाद लिया । इस दौरान एईएन विजय सिंह मीणा, डॉ. गणपत सिंह, राहुल कुमार दाधीच,पंडित अमित आचार्य आदि लोग मौजूद रहे । गौरतलब है कि पंडित रविंद्र आचार्य से फिल्म जगत,व्यवसायी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ आदि लोग सलाह लेते रहते हैं । अभी तक कई भविष्यवाणीयां सिद्ध हो चुकी हैं।




सभी क्षेत्रवासियों को भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया



- **जिला महासचिव-** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद, राजस्थान
- **जिला मीडिया प्रभारी-** मानव जन जागृति संस्थान, जयपुर (राज.)
- **उप महासचिव -** बलाई विकास समिति, जयपुर ( मु.-चौमूं )
- **प्रवक्ता-** डॉ. बी.आर. अंबेडकर जयंती समारोह समिति, चौमूं

मो.नं. 9602548578

पता- ग्राम पोस्ट - टांकरडा, तहसील-चौमूं, जिला - जयपुर (राज.) 303702

# गांवों में भी हो शहरों की भांति साफ-सुथरी सड़के - मीना



**जयपुर (हमारा वतन)** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री रमेश चन्द मीना ने कहा कि गांवों में भी शहरों की तर्ज पर साफ-सुथरी सड़के हो इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों एवं नालियों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे ग्रामीण परिवेश में स्वच्छता का वातावरण तैयार हो सके। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा संग्रहण डंपिंग यार्ड, लिक्विड एवं सॉलिड वेस्ट मैनजमेंट जैसे कार्य करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये हैं।

ग्रामीण विकास मंत्री ने इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण संस्थान में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना की समीक्षा बैठक के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता का वातावरण तैयार करना है और इसे हर हालत में साकार करना है।

मीना ने स्वच्छ भारत मिशन योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विगत 3 वर्षों की रिपोर्ट नहीं लाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ शब्दों में कहा कि योजना की राज्य स्तर से सही ढंग से मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि ओडीएफ प्लस के तहत गांवों में पूरी साफ सफाई होनी चाहिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने योजना के तहत प्रदेश में घोषित 1765 ओडीएफ प्लस गांवों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक सुलभ शौचालयों की नियमित रूप से साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की प्रशासन गांवों के संग अभियान के दौरान स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत प्रार्थना पत्रों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ शीघ्र मिल सके। बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की प्रमुख शासन सचिव अपर्णा अरोरा, स्वच्छ भारत निदेशक विश्व मोहन शर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन को मजबूत करना पहली प्राथमिकता- रामलाल शर्मा

**चौमूं (हमारा वतन)** सुभाष सर्किल स्थित विधायक कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का 42वाँ स्थापना दिवस विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में मनाया गया। इस दौरान विधायक रामलाल शर्मा ने पार्टी के महापुरुषों को याद करते हुए उनको नमन किया तथा कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति से परिचय करवाया।

उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी लेते हुए प्रतिदिन 1 घन्टा पार्टी की सेवा में समर्पित करना चाहिए। कार्यकर्ता चाहे कितने ही बड़े पदों पर क्यों ना पहुँच जाए परन्तु उसे सर्वप्रथम अपने बूथ और शक्ति केंद्र को हमेशा मजबूत बनाये रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने शक्ति केंद्र प्रमुखों और बूथ अध्यक्षों को पन्ना प्रमुख की नियुक्ति करने की जिम्मेदारी सौंपी तथा इस को जिम्मेदारी लेने वाले कार्यकर्ताओं के साथ साथ पदाधिकारियो को भी कार्य मे पूर्ण सहयोग करने की बात कही। इस मौके पर पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, जिला उपाध्यक्ष बजरंग सोनी, नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, बांसा मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, गोविंदगढ़ मंडल महामंत्री जितेंद्र सिंह, निवर्तमान फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, प्रदेश भाजयुमो उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट, धोबलाई सरपंच रमेश शर्मा, फतेहपुरा सरपंच बाबूलाल गुर्जर, पवन चोपड़ा, त्रिलोक लोछिब, नानूराम सैनी, बंशीधर मंडल, राजेश चोपड़ा, मुकेश चोपड़ा, घासीराम कोठेल्या, महेश यादव, गोपाल डेनवाल, भंवर देवंदा, जगदीश यादव, प्रतिभा शर्मा, रफीक नागोरी, नानूराम पिपलोदा, ओमप्रकाश खाती, जोधाराम यादव, बाबूलाल नगलिया, श्यामसुंदर, राधेश्याम बुनकर, सुरेश बगवाडीया, महेश सेरावत, मोहन यादव, शंकर रेगर, सुरेश जागिड़, प्रहलाद सेरावत, ओकार सेरावत सहित कई भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला प्रमुख, प्रधान और सरपंचों का भत्ता 20 फीसदी बढ़ाया

**जयपुर (हमारा वतन)** गांव की सरकारों में प्रतिनिधित्व करने वाले जिला प्रमुख, सरपंच और प्रधान को सरकार ने सौगात दी है। सरकार ने इन जनप्रतिनिधियों को हर महीने मिलने वाले मानदेय और बैठक भत्ते को 20 फीसदी तक बढ़ा दिया है। सरपंच और प्रधान मानदेय बढ़ाने को लेकर लम्बे समय से मांग कर रहे थे। इसके बाद सरकार ने गुरुवार को आदेश जारी कर दिए है।



ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक अब जिला प्रमुख को मानदेय 10 के बजार 12 हजार रुपए मिलेगा। इसी तरह पंचायत समिति प्रधान को 7 हजार के बजाए 8,400 रुपए और ग्राम पंचायत के सरपंच को 4 हजार रुपए के बजाए 4,800 रुपए मानदेय मिलेगा।

इसी तरह जिला परिषद, पंचायत समिति या पंचायत में जनप्रतिनिधियों की होने वाली बैठकों के भत्ते में भी 20 फीसदी का इजाफा किया है। नये आदेश के बाद जिला परिषद सदस्य को एक बैठक में शामिल होने पर 500 के बजाए 600 रुपए, पंचायत समिति सदस्य को 350 रुपए के बजाए 420 रुपए और ग्राम पंचायत सदस्य (वार्ड पंच) को 200 रुपए के जगह 240 रुपए भत्ता दिया जाएगा। आपको बता दें कि राज्य सरकार इन जनप्रतिनिधियों को मानदेय और भत्ते राज्य वित्त आयोग से जारी होने वाली अनुदान राशि से देती है।

## वाहनों का फिटनेस टेस्ट ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों में ही कराना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगले दो सालों में चार पहिया व्यावसायिक और निजी वाहनों को ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों (एटीएस) में वाहनों की फिटनेस टेस्ट करना अनिवार्य हो जाएगा। केंद्र सरकार ने इस बाबत पांच अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें उल्लेख है कि अप्रैल 2023 से व्यावसायिक व जून 2024 से निजी वाहनों पर यह नियम लागू कर दिया जाएगा।

**अधिसूचना जारी**-सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि एक अप्रैल, 2023 से एटीएस के जरिये भारी व्यावसायिक वाहनों और भारी यात्री वाहनों के लिए फिटनेस टेस्ट अनिवार्य होगा, जबकि मध्यम आकार के व्यावसायिक ढुलाई वाहनों या मध्यम यात्री व्यावसायिक वाहनों और हल्के मोटर वाहनों (निजी वाहनों) के लिए यह नियम एक जून, 2024 से प्रभावी कर दिया जाएगा।

# कांग्रेसियों ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**चौमूं (हमारा वतन)** कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा बढ़ती हुई महंगाई के खिलाफ केंद्र सरकार पर हल्ला बोला। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी और चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी के सानिध्य में नगरपालिका से ऊंट गाड़ियों पर सवार होकर बढ़ती महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय तक आक्रोश रैली निकाली।

एसडीएम कार्यालय के सामने कांग्रेसियों ने पेट्रोल, डीजल, गैस की बढ़ते दामों के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर कार्यवाहक एसडीएम हर्षित वर्मा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक सैनी ने बताया कि पांच राज्यों के चुनाव होने के बाद एक बार फिर खुलेआम महंगाई बढ़ रही है।

पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सहित अन्य खाद्य पदार्थों में दिन पर दिन महंगाई छा रही है। बढ़ती महंगाई की वजह से गृहणियों के रसोई का बजट बिगड़ रहा और घर चलाना मुश्किल हो रहा।

वर्तमान में पेट्रोल 118 रुपए, डीजल 100 रुपए व रसोई गैस सिलेंडर 955 रुपए हो गया है। लेकिन केंद्र सरकार इन सब



जरूरी सामानों के मूल्य पर अंकुश लगाने की बिल्कुल चिंता नहीं है। बेतहाशा बढ़ती महंगाई ने मध्यवर्ग, किसानों व मजदूरों की कमर तोड़ दी है। ज्ञापन में राष्ट्रपति से पेट्रोल डीजल, खाद्य पदार्थों व रसोई गैस सिलेंडर के दाम कम करने की मांग की है जिससे आमजन को राहत मिल सके।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत जोशी, डीसीसी उपाध्यक्ष गिरिराज देवंदा, पंसस गोपाल गुलिया, सरपंच मनोहर सरावता, सरपंच प्रतिनिधि नंछूराम यादव, पार्षद आशीष यादव, एडवोकेट धीरेंद्र सैनी, महेश कुमार नायक, ओम प्रकाश यादव, अनिल कुमार सैनी, रमेश चंद्र सैनी, अशोक कुमार रच्छौया, इमामुद्दीन कुरेशी, राजेंद्र इंदौरा, राकेश कुमावत, प्रहलाद गुलिया, मुकेश कुमार पांच्या, मालीराम नटवाडिया, छात्रसंघ अध्यक्ष चंद्रकला नागौरी, रामचंद्र भोमाका, उपसरपंच मांगीलाल बलेसरा, भीम सिंह लांबा, विक्की नुवाल, संपत नुवाल, एडवोकेट अश्विनी कुमार, चरणसिंह चौधरी, श्याम सिंह गुर्जर, राजेश कुमार यादव, प्रकाश डागर, सीताराम यादव, नानूराम पांडा, सुरेश फौजी, संतोष कुमार धानका, मुकेश मोदी, धर्मपाल गुर्जर, तुलसीराम सैनी, सतीश सैनी, ऋषि राज बागोरिया, पांचू निठारवाल, राकेश इंदौरा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मीणा समाज की मत्स्य जयंती पर 205 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित



**जयपुर (हमारा वतन)** मीणा समाज द्वारा मत्स्य जयंती के अवसर पर मत्स्य सेवा समिति व राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ के सानिध्य में मोरीजा रोड़ स्थित अम्बेडकर भवन में होली स्नेह मिलन व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

समाज बन्धुओं ने रक्तदान शिविर में सामाजिक समरसता व एकजुटता का संदेश दिया। रक्तदान शिविर के समन्वयक मुकेश हाटवाल, मुकेश बागड़ी व शेष मानुतवाल ने बताया की रक्तदान शिविर में 205 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया। रक्तदाताओ को पानी केम्पर, प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बराला ब्लड बैंक ,ममता ब्लड सेंटर व जीवन ज्योति ब्लड बैंक की टीमों ने भाग लिया।

रक्तदाताओ की मीणा समाज के जिलाध्यक्ष पूर्व मंत्री कन्हैया लाल मीणा, विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी,एनएसयूआई के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राकेश मीणा, प्रधान रामस्वरूप यादव, रालोपा नेता छुद्दन यादव, डॉ. श्रवण बराला, श्याम शर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जय प्रकाश चौधरी, शंकर गोरा,अनुज आत्रेय,हनुमान गोरा,विकास अधिकारी सी आर मीणा, आरएएस अशोक शर्मा, सेडू राम मीणा, विनोद मीणा, शैलेन्द्र मीणा जिला संगठन मंत्री रामचंद्र मीणा, चौमूं मीणा अध्यक्ष रामेश्वर जेफ, मंत्री जगदीश झरवाल,सरपंच मुकेश मीणा,भारतीय किसान यूनियन के सुरेंद्र बोचल्या आदि ने हौसला अफजाई की।

इस अवसर पर सीबीओ रामसिंह मीणा,एसोसिएट प्रोफेसर मान प्रकाश मीणा, समाज सेवक प्रकाश हाटवाल, सी एम मीणा,बाबू लाल डोला का बास, रूडसेट के निदेशक अजय पबड़ी,बाबू लाल डोला का बास,ओम प्रकाश मीणा,मदन लाल मीणा, विद्याप्रकाश मीणा,कमलेश मीणा,तोफान मीणा, विक्रम मीणा, रामधन मीणा,मलखान मीणा,अंकित मीणा,भुवनेश मीणा, श्री राम भारती,कृष्ण भीलपुरा, राजकुमार, रूप नारायण मीणा,हरिनारायण सैनी,मनीष बागोरिया आदि मौजूद रहे।

## जॉब्स

1. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी), पद एमटीएस और हवलदार, पद संख्या 3603+, अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2022
2. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद पशुधन सहायक, पद संख्या 1136, अंतिम तिथि 27 अप्रैल 2022
3. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद लैब असिस्टेंट, पद संख्या 1012, अंतिम तिथि 23 अप्रैल 2022
4. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, पद ऑफिसर और असिस्टेंट मैनेजर, पद संख्या 303, अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2022
5. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद हाउसकीपर, पद संख्या 33, अंतिम तिथि 4 मई 2022
6. राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), पद सेकंड ग्रेड टीचर, पद संख्या 9760, अंतिम तिथि 10 मई 2022
7. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), पद सीएमएस, पद संख्या 687, अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2022
8. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), पद आईईएस/आईएसएस, पद संख्या 53, अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2022




# सारा अली खान बोलीं, मेरी मां से और इब्राहिम की डैड से इतनी शक्ल मिलती है कि...

सारा अली खान और उनके भाई इब्राहिम अपने पेरेंट्स की हूबहू कॉपी लगते हैं। इस बात पर नेटिजन्स कई बार हैरान हो चुके हैं। उनकी एक जैसी दिखने वाली तस्वीरें भी वायरल हो चुकी हैं। यह बात सिर्फ बाहर के लोगों को नहीं चौंकाती बल्कि अमृता सिंह के घर पर भी इस पर चर्चा होती है। इस बात का खुलासा खुद सारा अली खान ने किया जाता है। सारा खुद भी कई बार तस्वीरें पोस्ट करती हैं जिनमें वह अमृता सिंह जैसी दिख रही हैं। उनका कहना है कि इस हद तक शक्लें मिलना कोई सामान्य बात नहीं है।



**सारा ने भी माना लगती हैं जुड़वां**- सारा अली खान अपनी मां अमृता सिंह के जवानी के दिनों की जीरॉक्स लगती हैं। वहीं उनके भाई को देखकर हर कोई सैफ अली खान की फोटोकॉपी बताता है। मैं बिलकुल मॉम जैसी दिखती हूं और इब्राहिम बिलकुल डैड जैसा, यह नॉर्मल नहीं है। हम एकदम आइडेंटिकल दिखते हैं। ऐसा नहीं है कि हममें उनकी झलक है। हम एकदम वैसे दिखते हैं जैसे वे दोनों पहले लगते थे शायद इसीलिए लोग बातें करते हैं।

**पर्सनैलिटीज की हो गई अदला-बदली**-जब सारा से पूछा गया कि क्या उनके घर पर भी इस बारे में बात होती है? सारा बताती हैं, हां, घर पर अक्सर इस बारे में बात होती है। मजेदार बात यह है कि इब्राहिम शांत रहने वाला है। वह डैड जैसा दिखता है लेकिन है मॉम जैसा। जबकि मैं मॉम जैसी दिखती हूं लेकिन मैं काफी अपनी मां की तरह हूं। हम बात करते हैं कि हमारी पर्सनैलिटीज किस तरह से स्वैप हो गई हैं। हमारी पर्सनैलिटीज और फेसेज में अदला-बदली हो गई है।

**इब्राहिम के डेब्यू का इंतजार**-इब्राहिम अली खा की बुआ सब भी अक्सर उनकी और सैफ के बचपन की तस्वीरें साथ में पोस्ट करती रहती हैं। इब्राहिम और सारा के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। दोनों अक्सर साथ में ट्रैवल करते हैं और तस्वीरें भी पोस्ट करते रहते हैं। इब्राहिम के बॉलीवुड डेब्यू के चर्चे लंबे वक्त से हो रहे हैं। रीसेंटली खबर थी कि वह धर्मा प्रोडक्शन से डेब्यू कर सकते हैं।

# नेशनल क्रश रश्मिका के पास है करोड़ों की संपत्ति, जानें महीने में कितने करोड़ कमा लेती हैं

**साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना की एक्टिंग के अलावा उनकी खूबसूरती के भी सभी दीवाने हैं। इतना ही नहीं एक्ट्रेस कमाई में भी किसी से कम नहीं हैं। वह फिल्मों के लिए भी अच्छी रकम चार्ज करती हैं।**

नेशनल क्रश से पॉपुलर रश्मिका मंदाना की फैन फॉलोइंग सिर्फ साउथ में ही नहीं बल्कि नॉर्थ में भी है। रश्मिका जितनी टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं, उतनी ही वह खूबसूरत भी हैं। रश्मिका ने अपने करियर में कई बेहतरीन और हिट फिल्में दी हैं। अपनी जबरदस्त परफॉर्मेंसेस की वजह से रश्मिका को कई बड़ी फिल्मों के ऑफर आते हैं और यही वजह है कि वह कमाई भी काफी अच्छी कर लेती हैं। आज आपको बताते हैं आपकी नेशनल क्रश की नेट वर्थ के बारे में। साथ ही आपको बताएंगे कि एक्ट्रेस महीने और साल में कितना कमा लेती हैं। इसके साथ ही उनकी लग्जरी गाड़ियां और घर के बारे में भी आपको बताते हैं।कैकनॉलेज की रिपोर्ट के मुताबिक रश्मिका मंदाना की नेट वर्थ 45 करोड़ से ज्यादा है। उनकी महीने की सैलरी 40 लाख से ज्यादा है और साल की 5 करोड़ से ज्यादा। रश्मिका फिल्म के लिए 4 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। रश्मिका एक्टिंग, परफॉर्मेंस, मॉडलिंग और विज्ञापनों के जरिए काती हैं।रश्मिका के पास मर्सिडीज स ी क्लास, ऑडी क्यू 3 और रेंज रोवर है। बता दें कि रश्मिका ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म क्रिक पार्टी से की थी। इस फिल्म के जरिए रश्मिका ने कन्नड़ इंडस्ट्री में डेब्यू किया था।




इसके बाद रश्मिका ने कई हिट कन्नड़ फिल्मों में काम किया। इसके बाद रश्मिका ने चलो फिल्म से तेलुगु इंडस्ट्री में डेब्यू किया। इसके बाद रश्मिका ने देवदास, डियर कॉमरेड, सरिलरु नीकेवरु, भीष्म, पोगारू, सुल्तान, पुष्पा द राइज जैसी हिट फिल्में दी हैं।

**रश्मिका की अपकमिंग फिल्में**

रश्मिका के पास अभी कई फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं जिसमें 2 तो हिंदी फिल्में हैं। दरअसल, रश्मिका फिल्म मिशन मजनू से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म में रश्मिका के साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा लीड रोल में हैं। वहीं इसके बाद रश्मिका फिल्म गुड बाय में नजर आएंगी और इसमें वह अमिताभ बच्चन के साथ नजर आएंगी। फिर रश्मिका फिल्म पुष्पा के दूसरे पार्ट पुष्पा 2 में नजर आएंगी।

# तनाव से निपटना हो या वेट लॉस करना, बस आधा घंटे की सैर कर सकती है आपकी मदद

सैर करना सबसे आसान और प्रभावशाली एक्सरसाइज में से एक है। अगर आप भी इन दिनों मेंटल हेल्थ या बढ़ते वजन की समस्या से पीड़ित हैं, तो वॉकिंग को अपने रुटीन में जरूर शामिल करें।वजन कम करने के लिए ज्यादातर लोग डाइटिंग के साथ-साथ वॉकिंग पसंद करते हैं। यकीनन सैर करना वजन कम करने में काफी ज्यादा मददगार होता है। पर क्या आप जानती हैं कि सैर करना आपकी मेंटल हेल्थ के लिए भी उतना ही फायदेमंद है, जितना शारीरिक स्वास्थ्य के लिए। बस आपको यह पता होना चाहिए कि कब, कितनी और कैसे करनी है सैर। आइए एक्सपर्ट से जानते हैं सैर करने के फायदे।



**आइए सुलझाते हैं वॉकिंग की पहेली**-कितनी और कैसी वॉकिंग प्रभावशाली हो सकती है, इसे लेकर हमेशा मन में कई सवाल उठते हैं। साथ ही वॉकिंग करने का सही समय क्या है? किस उम्र में कितनी सैर करना सही होता है? ऐसे बहुत सारे सवाल हैं, जो वॉकिंग के बारे में हमारे मन में उठते हैं। यकीनन वेट लॉस के लिए सैर करना एक प्रभावशाली एक्सरसाइज है। इसलिए आज उन सभी सवालों के हल ढूंढने की कोशिश करते हैं, जो वॉकिंग को लेकर आपके मन में उठ रहे हैं। आइए जानते हैं वेट लॉस और वॉकिंग से जुड़े सभी सवालों के जवाब। वॉकिंग के फायदे और उससे जुड़े कई अन्य सवालों का जवाब जानने के लिए हमने डॉ राहुल शर्मा, कार्डियोलॉजिस्ट, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर से संपर्क किया। आइए जानते हैं वे सैर करने और वेट लॉस के बारे में क्या बताने वाले हैं।

**क्या वाकिंग आपके लिए अच्छी है?**

डॉ राहुल शर्मा कहते हैं वॉकिंग हर उम्र के लोगों के लिए काफी फायदेमंद है। सैर करने का सबसे सही समय सुबह का वक्त होता है। हालांकि ऐसा जरूरी नहीं है कि आपको सैर करने के फायदे सिर्फ सुबह के वक्त ही मिलेंगे।असल में सुबह का वातावरण काफी अच्छा होता है और आप भी ताजा महसूस कर रहीं होती हैं। जिसके कारण सुबह के वक्त सैर पर जाना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। पर अगर आप किसी भी वजह से सुबह सैर नहीं कर पाती हैं, तो इसका यह अर्थ नहीं है कि आप शाम को सैर नहीं कर सकतीं।शाम के समय की गई वॉकिंग भी वेट लॉस और मूड बूस्ट करने में आपकी मदद कर सकती है। सिर्फ इतना ही नहीं, यह दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद है।

सिर्फ सैर करके आपकी सेहत को मिल सकते हैं इतने सारे फायदे

**1. वेट लॉस में हैं मददगार**-मॉर्निंग वॉक हो या ईवनिंग वॉक, यह आपको आपका वजन बनाए रखने में सहायता कर सकता है। दरअसल पैदल चलने में कैलोरी बर्न ज्यादा होती है। जो आपका वजन कम करने में मदद करती है। हालांकि कितनी देर चलने पर आप कितनी कैलोरी बर्न कर पाएंगी, यह कई चीजों पर निर्भर करता है। जैसे, चलने की गति, तय की गई दूरी, आपका वजन आदि। ये सब आप कैलोरी कैलकुलेटर के माध्यम से कैलकुलेट कर सकती हैं।

**2. दिल की सेहत के लिए भी अच्छी है वॉकिंग**

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, हफ्ते में पांच दिन, दिन में कम से कम 30 मिनट पैदल चलना कोरोनरी हृदय रोग के जोखिम को लगभग 19 प्रतिशत तक कम कर सकता है। जब धीरे-धीरे आप चलने की दूरी बढ़ा लेती हैं, तो आपका हृदय संबंधी समस्याओं का जोखिम और भी कम हो सकता है।

# हेल्दी नहीं है नाश्ते के साथ चाय या कॉफी पीना, हम बता रहे हैं क्यों

असल में चाय उन पोषक तत्वों को सोख लेती है, जो आप अपनी सेहत के लिए नाश्ते में शामिल कर रहे हैं। इसलिए चाय पीने का सही समय आपको पता होना चाहिए।हम भारतीयों की सुबह चाय के बिना अधूरी है! और चाय नाश्ते के बिना। कई भारतीय घरों में सुबह का चाय नाश्ता साथ में किया जाता है। फिर चाहे वो चाय के साथ पकौड़े हों या फिर आलू के पराठे। हमें चाय के साथ कुछ न कुछ चाहिए। मगर क्या आपने कभी सोचा है कि इस आदत का आपके ऊपर कैसे असर पड़ता है? जी हां कई लोग खाली चाय पीते हैं तो कई चाय के साथ कुछ न कुछ लेना पसंद करते हैं। मगर यह जानना ज़रूरी है कि ये आदतें सेहत के लिए फायदेमंद हैं या नहीं? तो चलिये पता करते हैं।

**कब है चाय पीने का सही समय?**

चाय पीने का सबसे अच्छा समय खाना खाने के 1-2 घंटे बाद का होता है। आप इसे सुबह भी पी सकते हैं, लेकिन सुनिश्चित करें कि आप खाली पेट नहीं हैं और चाय पहली चीज नहीं है जिसका आप सेवन कर रहे हैं। ज्यादातर लोग शाम के समय चाय पीते हैं, कुछ स्नैक्स के साथ जो काफी अच्छा विकल्प है।

**खाली पेट चाय पीना हो सकता है समस्या का कारण**-चाय और कॉफी की प्रकृति अम्लीय होती है और खाली पेट इनका सेवन करने से एसिड-बेसिक संतुलन बिगड़ सकता है जिससे एसिडिटी या अपच हो सकता है। चाय में थियोफिलाइन नामक एक यौगिक भी होता है जिसका डिहाइड्रेटेड प्रभाव होता है और इससे कब्ज हो सकता है।इनका सेवन करने के बाद सुबह सबसे पहले मुंह के बैक्टीरिया शुगर को तोड़ेंगे जिससे मुंह में एसिड का स्तर बढ़ जाएगा, जिससे दांतों के इनेमल का क्षरण हो सकता है। कुछ लोगों को सुबह दूध से बनी चाय या कॉफी पीने के बाद ब्लोटेड भी महसूस हो सकता है।नोट ड्क नाश्ते के साथ या नाश्ते के बाद चाय पीना स्वास्थ्य के लिए अच्छा हो सकता है, जबकि सुबह सबसे पहले चाय पीने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए चाय के साथ कुछ खाएं ज़रूर या कुछ देर बाद।



***इन चीजों के साथ कभी न पीएं चाय***-*चाय को पकोड़े या नमकीन के साथ मिलाना एक आम बात है जो हम में से ज्यादातर लोग करते हैं। चाय के समय का नाश्ता ज्यादातर बेसन या किसी अन्य आटे से बनाया जाता है जिसका कुछ लोगों पर दुष्प्रभाव हो सकता है।*




लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# भारत में भी बढ़ी स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूकता!



राम गोपाल सैनी

जनता जनार्दन के स्वास्थ्य को लेकर पूरी दुनिया में लगातार प्रयास होते रहे है और होते रहेंगे। समय समय पर हमारे वैद्ययों,योगाचार्यों,चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अधिकारियो द्वारा इस दिशा में जागरूकता फैलाई जाती रही है । हमारे समाज में आदिकाल से ही धारणा रही है कि जान है तो जहां है और पहला सुख निरोगी काया तथा सर्वे भवन्तु सुखिनः,सर्वे सन्तु निरामया इन सभी संदेशो में मुख्य रूप से व्यक्ति को स्वास्थ रहने हेतु प्रेरित किया गया है। पूरी दुनिया के लोगो को स्वस्थ रहने हेतु व स्वाथ्य के प्रति जागरूक करने के लिए हर वर्ष अप्रैल को विश्व स्तर पर विश्व स्वास्थ दिवस यानि कि वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के बैनर तले मनाये जाने वाले इस दिन की शुरुआत अप्रैल,1950 को हुई थी। चूकि इसी तारीख को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना भी हुई थी इसलिए इस तिथि को चिन्हित करने हेतु इस तारीख को ही विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया । सम्पूर्ण विश्व को निरोगी बनाने के उद्देश्य से गठित हुए इस अंतर्राष्ट्रीय संगठन की स्थापना अप्रैल,1948 को हुई थी जिस का मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के जेनेवा शहर में स्थित है । 193 देशो के प्रतिनिधियों ने मिल कर स्विट्ज़रलैंड के जेनेवा शहर में इस अंतर्राष्ट्रीय संगठन की नीव रखी। जिसका मुख्य उद्देश्य विश्व के समस्त नागरिको को स्वस्थ रहने हेतु जागरूक करते रहना,बीमार होने पर उसे बेहतर इलाज की व्यवस्था कराना तथा चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देना आदि हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का पहला उद्द्येश्य ग्लोबल हेल्थ रहा है,लेकिन इस विश्वव्यापी मुहिम को मूर्तिरूप देना तथा इसके पूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती है। हालांकि दुनिया के तमाम देश स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रयास एवं प्रगति कर रहे है लेकिन अभी भी निरंतर प्रयासों का होना और उन पर अमल करना अति आवश्यक हो अभी ताज़ा मामला लिया जाय तो कोरोना जैसे वायरस के सामने सर्वशक्तिमान कहे जाने वाले देश अमेरिका की बेबसी साफ़ देखने को मिली सारा का सारा हाईटेक इंतज़ाम धरा का धरा रह गया।

# मुख्यमंत्री के विजन पर एक बार फिर खरा उतरा राजस्थान रोडवेज

**जयपुर (हमारा वतन)** राजस्थान रोडवेज द्वारा वर्षो से उलझे तीन प्रकरणों में मुख्यमंत्री की भावना को दृष्टिगत रखते हुए विवाहित पुत्रियों को अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश प्रदान किए गए। यह प्रकरण उन विवाहित पुत्रियों के थे जो तत्समय प्रचलित नियमों में प्रावधान नहीं होने के कारण नियुक्ति की पात्र नहीं थी। राज्य सरकार की अधिसूचना एवं परिवहन विभाग के आदेशों के तहत अविवाहित होने की बंदिश हटने के कारण अब पात्रता की श्रेणी में आ गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा अक्टूबर, 2021 में कैबिनेट में निर्णय लिया गया था कि यदि मृत्यु के समय मृतक आश्रित की श्रेणी में किसी परिवार में सिर्फ विवाहित पुत्री ही सेवा के लिए पात्र है, तो ऐसी स्थिति में विवाहित पुत्रियों को भी विवाहित पुरूषों की तर्ज पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जा सकती है।






मुख्यमंत्री की इस अवधारणा को गम्भीरता से लेते हुए परिवहन विभाग के संचालक मण्डल की सितम्बर, 2021 में आयोजित 296 वीं बैठक में निर्णय लेकर विभाग की सहमति से सिर्फ नियमों में संशोधन कर दिया गया।

इस संबंध में तत्कालीन निगम कर्मी स्व. नन्द किशोर, चालक, झालावाड आगार की विवाहिता पुत्री श्रीमती ज्योति पाटीदार, स्व. रमेश चन्द्र गुर्जर, चालक, चित्तौड़गढ आगार की विवाहिता पुत्री श्रीमती कविता गुर्जर एवं स्व0 महेश कुमार बोहरा, कनिष्ठ अभियन्ता-बी, केन्द्रीय कार्यशाला जोधपुर की विवाहिता पुत्री श्रीमती शीला पुरोहित को कनिष्ठ लिपिक के पद पर नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। इन्हीं प्रकरणों के साथ 9 अन्य प्रकरणों के नियुक्ति आदेश भी जारी हुए। इस प्रकार रोडवेज में मृतक आश्रितों के 9 महीनों में अब तक कुल 371 प्रकरणों में नियुक्ति आदेश जारी किये गये हैं।

# प्रवीणलता संस्थान ने महिलाओं को बांटे निःशुल्क सेनेटरी पैड

**जयपुर (हमारा वतन)** आमेर तहसील के ग्राम उदयपुरिया राजकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रवीणलता संस्थान,जयपुर द्वारा महिलाओं को महावारी पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।



कार्यक्रम संयोजक इन्द्रा शर्मा ने बताया कि नवाचार स्पॉटलेस डैम (बेदाग नारी) के माध्यम से प्रवीणलता संस्थान द्वारा माहवारी विषय पर स्थानीय महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के बारे में विस्तृत जानकारी देने का कार्य करता है । यह संस्थान राज्य भर के कई जिलों और गांवों में जागरूकता कार्यक्रम करता आ रहा है । यह अभियान सुरक्षित और सही महावारी प्रबंधन के बारे में लोगों को जागरूक कर निःशुल्क सेनेटरी पैड किट वितरित करता है । संस्था सचिव भुवनेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि इस किट में 4 पैक का बंबू चारकोल का सेनेटरी पैड है जो करीब 5 सालों तक चलता है। इस कार्यशाला में 100 किशोरी बालिकाओं और महिलाओं को सही और सुरक्षित माहवारी के बारे में जागरूक किया और अपनी व्यक्तिगत सफाई के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुरेन्द्र और पदाधिकारी मौजूद रहे साथ ही ग्राम आमेर आशा कार्यकर्ता इंदिरा शर्मा भी मौजूद रही । उन्होंने बताया कि पिछली बार की तरह इस बार भी महावारी विषय पर महिलाओं के साथ पुरुषों की भागीदारी भी रही । इससे गांव और आसपास की ढाणियों में महिलाओं और बालिकाओं को निश्चित रूप से इसका लाभ होगा ।

परियोजना ट्रेनर शोभा सोनी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सुरेन्द्र चौधरी, आँगनबाडी कार्यकर्ता लक्ष्मीनारायणपुरा इन्द्रा शर्मा, उदयपुरिया कार्यकर्ता भगवती शर्मा, शिवराज उदय, सहायिका ललिता बह्रभटट,दीपपुरा वार्डपंच मुकेश गुर्जर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# स्व.रघुनाथ बराला की तृतीय पुण्यतिथि पर 153 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं के राधास्वामी बाग स्थित बराला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय रघुनाथ बराला की तृतीय पुण्यतिथि पर हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया । बराला अस्पताल के निदेशक डॉ.ग्यारसी लाल बराला,डॉ बाबू लाल बराला,डॉ. श्रवण बराला,डॉ.हनुमान बराला एवं अस्पताल के सभी कर्मचारियों व क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने चेयरमैन स्वर्गीय रघुनाथ बराला के छायाचित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया । इस अवसर पर डॉ.ग्यारसी लाल बराला,डॉ बाबू लाल बराला ने बताया कि पिताजी मेहनती,कठोर परिश्रम में विश्वास करते थे और अंधविश्वास,पाखण्डवाद के खिलाफ थे । डॉ बाबू लाल बराला ने बताया कि अंधविश्वास,पाखण्डवाद से दूर रहकर कठोर मेहनत में ही सफलता' छिपी है । इन्ही आदर्शों कि बदोलत आज चिकित्सा के क्षेत्र में सफलता हासिल की है ।

डॉ श्रवण बराला ने अपने पिताजी कि जीवनी पर प्रकाश डाला, शिविर में 153 रक्तदाताओं ने रक्तदान करते हुए स्वर्गीय श्री रघुनाथ जी बराला को श्रद्धांजलि दी । इस शिविर में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर रक्तदान किया । शिविर में पधारे हुए गणमान्य लोगों के हाथो रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर में सम्मान किया गया । डॉ हनुमान बराला ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डॉ ललित गर्ग,डॉ.राहुल भूकर, डॉ. गंभीर सिंह,डॉ. पूरण सैनी,डॉ.मुकेश कुलदीप, डॉ.हरफूल चौधरी ,डॉ.रश्मि बिस्सा, डॉ.चिराग,डॉ. लखपत यादव,डॉ.कपिल देव शर्मा,डॉ. विपिन बराला, डॉ.अमित बराला, डॉ. शिखा मील. डॉ.दीपिका बराला, गोपाल गुलिया,गणपत निठारवाल,ओमप्रकाश देवंदा,हरदेव चोपड़ा,भंवर हरसोलिया,कजोड गोरा,मांगीलाल बराला ,सुरेश सेरावत,रामस्वरूप नासना,लाला जी सामोता,लालचन्द झांझडा,भावना बराला ,मंजू चौधरी, दीपक चौधरी,शंकर लाल यादव,राजू लील,राजेश चौधरी व अन्य गणमान्य उपस्थित हुए ।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा